ऋण हेतु बैंक प्रबंधक (मैनेजर) को आवेदन पत्र

सेवा में,

प्रबन्धक
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया,
शिवपुरम्, दिल्ली।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि वर्ष 2017 में सम्पन्न सी॰ पी॰ एम॰ टी॰ की परीक्षा की मेधावी सूची (मेरिट लिस्ट) में मैंने चौथा स्थान प्राप्त किया है। प्रवेश हेतु सम्पन्न काउंसिलिंग में मुझे 'डी॰ वी॰ ए॰ कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज आगरा' आवंटित हुआ है। कुल व्यय साढ़े चार लाख रु॰ है। अन्य व्यय मिलाकर कुल पाँच लाख रुपयों की आवश्यकता है। अतः आपके बैंक से शिक्षा-ऋण के अन्तर्गत पाँच लाख रुपये प्राप्त करना चाहता हूँ। ऋण प्राप्त करने हेतु समस्त आवश्यक प्रपत्रों की प्रतिलिपियाँ ऋण-आवेदन पत्र के साथ संलग्न हैं।

अतः प्रपत्रों की जाँच कराकर मुझे शीघ्र उक्त ऋण प्रदान कर कृतार्थ करें। मैं आपका सदैव आभारी रहूँगा।

सधन्यवाद!

प्रार्थी,
विश्वजीत शर्मा
सुपुत्र श्री राधे शर्मा
303, शिवपुरम्, दिल्ली।

दिनाँक - 21-02-20XX